नकाबपोश बदमाशों ने ग्राम प्रधान पर किया हमला सोने की अंगूठी एवं दस हजार रुपये लूटे

नाली देखकर लौटते समय बधवां नाले के पास हुई वारदात

प्रतापगढ़। रानीगंज थाना क्षेत्र के जामताली बंधवा गांव के नाले के पास सोमवार शाम नकाबपोश बदमाशों ने ग्राम प्रधान पर हमला कर दिया। मारपीट में प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गये। आरोप है कि बदमाश उनकी सोने की अंगूठी और जेब में रखे १० हजार रुपये छीनकर फरार हो गये।

जामताली श्रीपुर गांव निवासी ग्राम प्रधान प्रमोद दुबे गांव के इंद्रजीत शर्मा के साथ ग्राम पंचायत के बधवां गांव में नाली देखने गये थे। वहां से बाइक से घर लौटते समय नाले के पास चार नकाबपोश लाठी-डंडे लेकर उन्हें दौड़ा लिए।

आरोप है कि बदमाशों ने दोनों के साथ मारपीट की। इस दौरान प्रधान बाइक सहित गिर पड़े। बदमाशों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद दोनों किसी तरह जामताली पुलिस चौकी पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। घटना की जानकारी मिलते ही प्रधान के समर्थकों की भीड़ जुट गयी। प्रधान प्रमोद दुबे ने एक नामजद और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रानीगंज थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


लालगंज अझारा में डीएपी को लेकर किसानों की उमड़ी भीड़।

पुलिस की मौजूदगी में बांटी गयी डीएपी

लालगंज, प्रतापगढ़। सहकारी समितियों में डीएपी की उपलब्धता न होने से किसान बाजारों में मंहगें दामों पर डीएपी खरीदने को मजबूर हैं। ऐसे में लालगंज के अझारा में सोमवार की सुबह इफको की दुकान पर पांच सौ बोरी डीएपी की खेप पहुंचने की जानकारी किसानों को हुई तो वहां भीड़ लग गयी।

हालत ये हो गयी कि दुकानदार को डीएपी खाद के विक्रय को लेकर पुलिस को सूचना देनी पड़ी। आखिरकार पुलिस की मौजूदगी में किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध करायी गयी। वहीं तमाम किसानों को मायूस ही लौटना पड़ा। क्षेत्र के किसान रामदीन, जोखूलाल, हरिश्चंद्र तिवारी, रामअधार वर्मा, नन्हें लाल पाल आदि का कहना था कि सहकारी समितियों में यूरिया एवं मिक्चर खाद तो मशक्कत के बाद मिल जा रही है लेकिन डीएपी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में बाजारों से डीएपी मंहगे दामों पर खरीदने को किसान मजबूर हैं।

स्कूली छात्राओं पर फब्तियां कसने के आरोप में युवक हिरासत में

जेठवारा एंटी रोमियो टीम ने पेट्रोल पम्प के पास की काररवाई

प्रतापगढ़। जेठवारा थाना क्षेत्र में स्कूली छात्राओं के साथ छेड़खानी और फब्तियां कसने की सूचना पर एंटी रोमियो टीम ने सोमवार को एक युवक को हिरासत में लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ निरोधात्मक काररवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू की है। पुलिस के अनुसार सोमवार को एंटी रोमियो टीम और पुलिस बल क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि इंडियन आयल पेट्रोल पंप के पास एक युवक आने-जाने वाली स्कूली छात्राओं पर अभद्र टिप्पणियां कर रहा है और इशारेबाजी कर रहा है। सूचना पर टीम ने मौके पर पहुंचकर युवक को पकड़ लिया। पकड़े गये युवक की पहचान हर्ष पांडेय (१९) पुत्र अजय कुमार पांडेय, निवासी पूरे ठकुराइन विकरा, थाना जेठवारा के रूप में हुई। पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने और संभावित संज्ञेय अपराध की रोकथाम के लिए उसके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर निरोधात्मक काररवाई की। काररवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक मृत्युंजय पांडेय, कांस्टेबल दिलीप यादव, प्रमोद यादव सहित महिला पुलिसकर्मी शामिल रहीं।

डा. दयाराम को राष्ट्रीय साहित्य गौरव सम्मान

प्रतापगढ़। बेल्हा के साहित्यकार डा. दयाराम मौर्य 'रत्न' को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मेलन-२०२६ में 'सुरजीत सिंह जोबन स्मृति राष्ट्रीय साहित्य गौरव सम्मान' से नवाजा गया। सम्मान उनके साहित्यिक योगदान के लिए प्रदान किया गया।

उनकी उपलब्धि पर साहित्यकारों और गणमान्य लोगों ने बधाई देते हुए जनपद का गौरव बढ़ाने वाला बताया।

ट्रांसफार्मर पर काम करते समय करण्ट से झुलसा संविदा लाइनमैन

दिलीपपुर, प्रतापगढ़। दिलीपपुर पावर हाउस पर तैनात संविदा लाइनमैन संजय पांडेय (४५) सोमवार को ट्रांसफार्मर पर काम करते समय करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गये। उन्हें उपचार के लिए मेडिकल कालेज प्रतापगढ़ ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने एसआरएन अस्पताल प्रयागराज रिफर कर दिया।

संजय पांडेय पुत्र स्वर्गीय श्याम बिहारी पांडेय, रसोइयां छींटपुर के निवासी हैं। वह दिलीपपुर पावर हाउस के अंतर्गत छींटपुर फीडर का काम देखते हैं।

बताया गया कि शिवसत में ट्रांसफार्मर पर काम करने के दौरान अचानक बिजली की आपूर्ति शुरू हो गयी। इससे वह करंट की चपेट में आकर झुलस गये। घटना के बाद उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के बाद बिजली विभाग के कर्मचारियों में चिंता का माहौल रहा।

विभिन्न मांगों को लेकर किसान यूनियन ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन


एसडीएम लालगंज को ज्ञापन सौंपते किसान के पदाधिकारी।

लालगंज, प्रतापगढ़। विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अम्बावता) ने सोमवार को एसडीएम लालगंज को ज्ञापन सौंपा। यूनियन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एसडीएम से समस्याओं के निदान कराये जाने की मांग उठायी है।

लालगंज में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन अम्बावता की बैठक हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि यूनियन के प्रवक्ता एवं मण्डल अध्यक्ष प्रयागराज इकाई भानु प्रताप सिंह ने कहा कि किसानों से जुड़ी समस्याओं के निराकरण पर जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिलाध्यक्ष कमलाकांत शुक्ल ने कहा कि आवारा पशुओं से पूरे तहसील क्षेत्र में परेशानी बनी हुई है। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि मो. हई रहे। बैठक के बाद यूनियन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने एसडीएम वाचस्पति सिंह एवं सीओ राजीव द्विवेदी से मिलकर ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग उठायी।

पति सहित चार पर महिला की पिटायी का केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। महिला के साथ मारपीट एवं धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने पति सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के बीजूमऊ गांव की सावित्री कोरी पत्नी बलकरन कोरी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती चौबीस अक्टूबर की रात करीब ग्यारह बजे घरेलू विवाद को लेकर एकराय होकर उसके पति, सास श्यामा, जेठानी गोसांईन एवं रवि ने गाली देते हुए मारापीटा एवं जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

नवाबगंज का ऐतिहासिक कंस वध मेला कल

परियावां, प्रतापगढ़। नवाबगंज का ऐतिहासिक दो दिवसीय कंस वध मेला २८ और २९ अक्टूबर को लगेगा। मेला कमेटी की ओर से दुकानदारों को निशुल्क पानी और बिजली की सुविधा दी जाएगी। बुधवार की रात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ नौटंकी का आयोजन होगा।

अशोकपुर में स्वास्थ्य शिविर १२७ मरीजों का हुआ उपचार

पांच आदर्श आचार्यों को किया सम्मानित

पट्टी, प्रतापगढ़। एकल अभियान अंचल की ओर से पट्टी ब्लाक के अशोकपुर ग्राम सभा में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें १२७ मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पांच आदर्श आचार्यों को सम्मानित भी किया गया।

शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान राजकुमार सिंह और नगर पंचायत अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने संयुक्त रूप से किया। एकल अभियान के भाग गतिविधि प्रशिक्षक बृजेश सिंह ने कहा कि संगठन गांव-गांव तक शिक्षा, स्वास्थ्य और जागरूकता की सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रयासरत है। पंचमुखी शिक्षा के माध्यम से ग्रामीणों के सर्वांगीण विकास का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता संच अध्यक्ष राम चरित्र वर्मा ने की। इस मौके पर सभासद प्रतिनिधि सजीवन सोनी, सत्यप्रकाश जायसवाल, राकेश कुमार, संच प्रशिक्षिका शोभा भारती, रजनी सरोज सहित अभियान के कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

नेत्र शिविर में ६० मरीज आपरेशन के लिए चिन्हित

चित्रकूट ले जाये जायेंगे चयनित मरीज

बाबागंज, प्रतापगढ़। नगर पंचायत हीरागंज बाजार स्थित गोगहर कुटी मंदिर परिसर में सोमवार को सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट की ओर से निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन व्यापारी नेता विनोद यादव ने किया। इसमें हीरागंज बाजार सहित उतरार, लोदीपुर, चंपतपुर और आसपास के गांवों से पहुंचे बुजुर्गों सहित अन्य लोगों ने आंखों की जांच कराई।

नेत्र विशेषज्ञ मल्लिकार्जुन ने मरीजों की आंखों का परीक्षण कर आवश्यक परामर्श दिया। जांच के दौरान करीब ६० मरीजों को आपरेशन के लिए चिह्नित किया गया। चयनित मरीजों को आपरेशन के लिए अस्पताल के वाहन से चित्रकूट ले जाने की व्यवस्था की जा रही है।

इस मौके पर विनोद यादव ने कहा कि गरीब और जरूरतमंद लोगों को बेहतर नेत्र उपचार उपलब्ध कराने के लिए ऐसे शिविरों का आयोजन सराहनीय पहल है। उन्होंने लोगों से आंखों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की अपील की। साथ ही कहा कि नेत्रदान महादान है, जिससे किसी जरूरतमंद के जीवन में रोशनी लाई जा सकती है।

शिविर में कोआर्डिनेटर अनुज द्विवेदी, सहायक राम आसरे, अतिश शुक्ला, संदीप और शिव बहादुर सरोज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सपा कार्यालय में महर्षि वाल्मीकि और संत नामदेव की जयंती मनायी

प्रतापगढ़। मीराभवन स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में शरद पूर्णिमा पर महर्षि वाल्मीकि और संत शिरोमणि नामदेव की जयंती मनाई गयी। पार्टी पदाधिकारियों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। वक्ताओं ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि रामायण के रचयिता और आदिकवि थे। उन्होंने मर्यादा, सत्य, न्याय और कर्तव्य के आदर्श प्रस्तुत किये। संत नामदेव ने भक्ति, प्रेम, समानता और मानवता का संदेश देते हुए जातिगत भेदभाव का विरोध किया। उनके विचार आज भी समतामूलक और भेदभावमुक्त समाज के निर्माण की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडेय, कोषाध्यक्ष अश्वनी सोनी, पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष मनीष पाल, नगर अध्यक्ष निसार अहमद, सांसद मीडिया प्रभारी वकार अहमद, अनिल मौर्या, अब्दुल हई, प्रदीप यादव, राजेंद्र यादव, गजाधर प्रसाद पटेल, फैजान अहमद, रोहन कुमार और प्रवेश मौर्या सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पुरानी रंजिश में ई-रिक्शा चालक को लाठी-डंडों से पीटा, हाथ टूटा

शेखूपुर बाजार में वारदात

रानीगंज, प्रतापगढ़। थाना क्षेत्र के देवगढ़ कमासिन गांव निवासी संतलाल सरोज (३५) ई-रिक्शा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। सोमवार दोपहर वह चिरकुट्टी से सवारी लेकर शेखूपुर गया था। भाड़ा छोड़कर लौटते समय शेखूपुर बाजार में पहले से घात लगाए गोलू दुबे और उसके साथियों ने उसे लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया। मारपीट में उसका हाथ फ्रैक्चर हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को उपचार के लिए ट्रामा सेंटर ले गयी। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे रिफर कर दिया। पीड़ित ने गोलू दुबे सहित तीन लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। थाना अध्यक्ष अवन कुमार दीक्षित ने बताया कि घटना की शिकायत मिली है। आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर काररवाई की जा रही है।

मारपीट एवं धमकी को लेकर पांच पर दर्ज हुआ केस

लालगंज, प्रतापगढ़। बिजली का पोल लगाने के विवाद में हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने परिवार के ही पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के हनुमानपुर मादामई गांव निवासी मनीष पाल पुत्र बिन्दा प्रसाद पाल ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती पचीस अक्टूबर को सुबह करीब छः बजे दरवाजे पर बिजली का पोल लगाने के विवाद को लेकर उसके भाई रामकृष्ण पाल से विवाद हो गया। पीड़ित का आरोप है कि उसके भाई और परिवार के लक्ष्मीकांत यादव, अभिनव पाल एवं रामकृष्ण की पुत्री अनामिका गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने मारापीटा एवं जान से मारने की धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

जिले में अब २८०० मतदेय स्थल और १६८० मतदान केंद्र

२६ मतदेय स्थलों के भवनों में हुआ बदलाव


एनआईसी में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय।

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने मतदेय स्थलों की सूची को अंतिम रूप देने के संबंध में एनआईसी सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इसमें मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन, सम्भाजन और प्राप्त दावे-आपत्तियों के निस्तारण की समीक्षा की गयी। संबंधित उपजिलाधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

बैठक में बताया गया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन कराया गया था। १९ अक्टूबर को आलेख्य प्रस्ताव प्रकाशित कर राजनीतिक दलों को सूची उपलब्ध करायी गयी थी। प्राप्त सुझावों और आपत्तियों के निस्तारण के बाद सूची को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रस्तुत विवरण के अनुसार, सम्भाजन से पहले जिले में २८९३ मतदेय स्थल और १६८३ मतदान केंद्र थे। मतदाताओं की संख्या और निर्धारित मानकों के आधार पर १०० मतदेय स्थलों का समायोजन किया गया। वहीं, १२०० से अधिक मतदाता होने के कारण सात नए मतदेय स्थल बढ़ाए गये। इसके बाद जिले में मतदेय स्थलों की संख्या घटकर २८०० और मतदान केंद्रों की संख्या १६८० रह गयी। भौतिक सत्यापन के दौरान २६ मतदेय स्थलों के भवनों में भी बदलाव किया गया। जिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदेय स्थलों के संबंध में आपत्तियां और सुझाव तत्काल उपलब्ध कराने को कहा। उन्होंने यह भी अपील की कि पुनरीक्षण के दौरान छूटे पात्र मतदाताओं की जानकारी लिखित रूप में दें, ताकि उनके नाम मतदाता सूची में शामिल कराये जा सकें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेमचंद मौर्य सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

कुंडा में दो सिपाही लाइन हाजिर विसर्जन शोभायात्रा से जुड़ा मामला

प्रतापगढ़। कुण्डा कोतवाली क्षेत्र के मनगढ़ कृपालु धाम चौकी पर तैनात दो सिपाहियों को लाइन हाजिर किए जाने की चर्चा से पुलिस महकमे में हलचल है। मामला पीरनगर गांव में २० अक्टूबर को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा के दौरान हुए विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि शोभायात्रा के दौरान सिपाही विनोद कुमार गौतम और प्रवीण कुशवाहा ने भजन-कीर्तन बंद कराने का दबाव बनाया और महिलाओं एवं बुजुर्गों से अमर्यादित व्यवहार किया।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि बाद में कुछ लोगों को धमकाया गया। सूत्रों के अनुसार, मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंचने के बाद पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने काररवाई की और दोनों सिपाहियों को लाइन हाजिर कर दिया।

वाल्मीकि जयंती पर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में हुआ सुंदरकांड पाठ

परियावां, प्रतापगढ़। वाल्मीकि जयंती के अवसर पर शासन के निर्देश के क्रम में सोमवार को कालाकांकर विकासखंड की ओर से नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसमें ब्लाक के अधिकारियों, कर्मचारियों, ग्राम प्रधानों और क्षेत्रीय लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी अरविंद कुमार, सहायक विकास अधिकारी पंचायत केवला प्रसाद, सहायक विकास अधिकारी ग्राम विकास व्यास कुमार मौर्य, पुजारी धुन्नी लाल उर्फ रमेश कुमार, मंदीप कुमार साहू, धर्मवीर, राम सुमेर पटेल, दिलीप कुमार और सफाईकर्मी पन्ना लाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। ग्राम प्रधान हिनाहूं संजय त्रिपाठी के साथ जोखू यादव, अर्जुन मौर्य, राकेश कुमार साहू और राजेंद्र सिंह उर्फ तालुकदार भी शामिल हुए। आचार्य संगम लाल, एसपी गुरूजी और अशर्फी लाल की मंडली ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। आयोजन में सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की।

अश्लील प्रदर्शन को लेकर डीजे मालिक सहित दो पर केस

प्रतापगढ़। भरत मिलाप की रात एक डीजे पर मौजूद युवक के अश्लील प्रदर्शन का वीडियो वायरल होने पर एसआई रमेश तिवारी ने केस दर्ज कराया है। एसआई रमेश तिवारी के अनुसार भरत मिलाप में बादल डीजे पर सवार एक युवक अश्लील प्रदर्शन कर रहा था। इसका वीडियो वायरल होने से जनमानस में रोष है। उन्होंने डीजे स्वामी और एक अज्ञात पर केस दर्ज कराया है।

राम वन गमन और केवट प्रसंग का भावपूर्ण मंचन

सुवंसा, प्रतापगढ़। क्षेत्र के पटहटिया कला में चल रही रामलीला के पांचवें दिन राम वन गमन प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया गया। पिता राजा दशरथ के वचन की मर्यादा रखने के लिए भगवान श्रीराम ने राजपाट त्यागकर वन जाने का निर्णय लिया। उनके साथ भाई लक्ष्मण और माता सीता भी वन के लिए निकल पड़े। वन गमन के दौरान केवट प्रसंग का सुंदर मंचन किया गया। भगवान राम और केवट के संवाद ने दर्शकों को भावुक कर दिया। कलाकारों के सजीव अभिनय और संवाद प्रस्तुति की दर्शकों ने सराहना की। राम की भूमिका हरिओम चौरसिया, लक्ष्मण की ऋषभ चौरसिया, सीता की आयुष चौरसिया और केवट की भूमिका विश्वंभर चौरसिया ने निभाई। मंचन के दौरान दर्शक देर तक भाव-विभोर होकर लीला का आनंद लेते रहे।

पाइपलाइन के लिए खोदी सड़क नहीं बनी तो दें सूचना

प्रतापगढ़। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदी गयी सड़कों की मरम्मत के लिए जल निगम ग्रामीण की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान एक अक्टूबर से १० नवंबर तक संचालित होगा। अधिशासी अभियंता तौसीफ अहमद ने बताया कि जिले में पाइपलाइन बिछाने के लिए ५३१४ किलोमीटर सड़क खोदी गयी थी, जिसमें से ५३०८ किलोमीटर सड़क की मरम्मत करायी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जिन गांवों में अब तक सड़कों की मरम्मत नहीं हुई है, वहां के लोग विभाग को सूचना दें। शिकायत टोल फ्री नंबर १८००-१२१-२१६४, जलसारथी ऐप, जल समाधान ऐप और आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से दर्ज करायी जा सकती है।

कल से ३० तक बारिश, आंधी-तूफान का अलर्ट

मौसम खराब होने से पहले धान की कटाई पूरी करें किसान

प्रतापगढ़। बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहे चक्रवाती मौसम तंत्र के प्रभाव से जिले में २८ से ३० अक्टूबर तक तेज हवाओं, गरज-चमक, वज्रपात और भारी बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने जिले को येलो जोन में रखा है। इस दौरान ३० से ५० किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने किसानों के लिए एडवाइजरी जारी कर फसलों की सुरक्षा करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कटाई के लिए तैयार धान की फसल मौसम साफ रहने पर २८ अक्टूबर से पहले काट लें।

कटी फसल को खुले में न छोड़ें और सुरक्षित स्थान पर रखकर तिरपाल से ढक दें। बारिश के दौरान मड़ाई न करें। खेतों में जल निकासी की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। रबी फसलों की बुवाई मौसम साफ होने और खेतों से अतिरिक्त पानी निकलने के बाद ही करें। अधिक गीली मिट्टी में बुवाई से बीज सड़ने और अंकुरण प्रभावित होने की आशंका रहती है।

पहले से बोई गयी फसलों के खेतों में जल निकासी के लिए नालियां बना लें। अनावश्यक सिंचाई और उर्वरकों के अधिक प्रयोग से बचें। आंधी और वज्रपात के दौरान खुले मैदान तथा पेड़ों के नीचे न रुकें। पशुओं को सुरक्षित स्थान पर रखें। मौसम की चेतावनी के लिए सचेत और दामिनी एप का उपयोग करें।

रामचरितमानस जीवन जीने की कला सिखाती है-राघवाचार्य

रानीगंज, प्रतागढ़। नगर पंचायत क्षेत्र के कस्बा विठ्ठलपुर गांव में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक राघवाचार्य महाराज ने जीवन और मृत्यु के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस मनुष्य को मर्यादा में रहकर जीवन जीने की कला सिखाती है, जबकि श्रीमद्भागवत कथा संसार के मोह से मुक्त होकर सहज भाव से प्राण त्यागने का संदेश देती है।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने मानव रूप में अवतरित होकर अपने आचरण से मर्यादित जीवन जीने का आदर्श प्रस्तुत किया। मनुष्य को संसार की भौतिक वस्तुओं और वैभव के प्रति अत्यधिक मोह नहीं रखना चाहिए। मोह और आसक्ति में बंधा व्यक्ति मृत्यु के समय कष्ट का अनुभव करता है। इसलिए जीवन में सदाचार, भक्ति और वैराग्य को अपनाना चाहिए।

कथा में मुख्य यजमान प्रोफेसर शिवाकांत ओझा, डा. माधुरी ओझा, पूर्व प्रमुख पूर्णांशु ओझा, राज्यसभा सदस्य राधाकांत ओझा, कलाकांत ओझा, निशाकांत ओझा, अशोक कुमार मिश्रा, रमेश मिश्रा, सुधाकर दत्त मिश्रा, सभाजीत मिश्रा, प्रकाश त्रिपाठी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

आलापुर क्रय केंद्र पर एक नवम्बर से शुरू होगी धान खरीद

ग्रेड-ए धान का २४६१ और सामान्य धान का २४४१ रुपये प्रति क्विंटल मिलेगा समर्थन मूल्य

परियावां, प्रतापगढ़। कालाकांकर विकासखंड के किसानों की धान की उपज खरीदने के लिए प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। आगामी एक नवंबर से आलापुर विपणन केंद्र पर धान की खरीद शुरू होगी। शासन की ओर से ग्रेड-ए धान का समर्थन मूल्य २४६१ रुपये और सामान्य श्रेणी के धान का २४४१ रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

क्रय केंद्र पर किसानों के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। फार्मर आईडी बनवा चुके किसान सीधे केंद्र पर धान ले जाकर तौल करा सकेंगे। जिन किसानों के पास फार्मर आईडी नहीं है, उन्हें पहले पंजीकरण कराना होगा। किसान नजदीकी जनसेवा केंद्र से भी फार्मर आईडी बनवा सकते हैं। विपणन अधिकारी त्रिलोकी भारती ने बताया कि शासन के निर्देश पर आलापुर धान क्रय केंद्र पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। एक नवंबर से खरीद शुरू होगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे समय रहते फार्मर रजिस्ट्री पूरी करा लें, ताकि धान बेचने में किसी तरह की परेशानी न हो।

बाबा बेलखरनाथ धाम में शिशु भारती का वन विहार कार्यक्रम संपन्न

प्रतापगढ़। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित सरस्वती शिशु वाटिका/मंदिर चिलबिला पूर्वी के शिशु भारती के पदाधिकारियों एवं विभाग प्रमुखों का वन विहार कार्यक्रम ऐतिहासिक बाबा बेलखरनाथ धाम में संपन्न हुआ। प्रधानाध्यापिका विभा शुक्ला के नेतृत्व में विद्यार्थी विद्यालय के वाहन से धाम पहुंचे। सभी ने बाबा बेलखरनाथ का दर्शन-पूजन किया और अन्य मंदिरों में मत्था टेका। प्रधानाध्यापिका ने बच्चों को धाम की ऐतिहासिकता और धार्मिक महत्ता की जानकारी दी। बच्चों ने मां सई का आचमन कर दर्शन किया। कार्यक्रम में दो वर्गों में संस्कृति ज्ञान परीक्षा पुस्तक पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी, अंताक्षरी और वर्ड पावर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

मंदिरों से मुकुट एवं गहने चुराने वाले परिवार के चार सदस्य गिरफ्तार


संग्रामगढ़ पुलिस की गिरफ्त में चोरी के आरोपित।

कैंची से काटकर मुकुट बेचने की थी तैयारी, इलेक्ट्रानिक कांटा और बाइक बरामद

बाबागंज, प्रतापगढ़। संग्रामगढ़ पुलिस ने मंदिरों से मुकुट और आभूषण चोरी करने के आरोप में एक ही परिवार के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें महिला, उसका पति और दो बेटे शामिल हैं। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से दो मुकुट, आभूषण, इलेक्ट्रानिक कांटा, कैंची और बाइक बरामद की है।

थानाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोमवार सुबह मुखबिर की सूचना पर सरैया नौढिया के पास घेराबंदी कर किरण देवी, उसके पति गिरीश कुमार और बेटों रोहित कुमार एवं लवकुश को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी चोरी के आभूषणों का वजन कर उन्हें बेचने की तैयारी में थे। बरामद मुकुटों में एक को कैंची से काटा गया था। संग्रामगढ़ क्षेत्र के भद्रकाली धाम में २५ अक्टूबर को मां की मूर्ति पर लगा चांदी का मुकुट चोरी हुआ था। सराय नैन कुंवर स्थित हनुमान मंदिर से भी मुकुट चोरी होने की घटना हुई थी। पुलिस इन मामलों की जांच कर रही थी। पुलिस का दावा है कि पूछताछ में आरोपितों ने प्रतापगढ़ और रायबरेली के कई मंदिरों में चोरी की घटनाओं में शामिल होने की बात स्वीकार की है। रायबरेली के भदोखर क्षेत्र में मंदिर से मुकुट चोरी के पुराने मामले में भी दो आरोपितों की भूमिका की जांच की जा रही है।

श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी गयी महर्षि वाल्मीकि जयंती

मंदिरों में रामायण पाठ भजन-कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल


मां बेल्हा देवी परिसर में रामायण पाठ करते लोग।

प्रतापगढ़। शासन के निर्देश और जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय के मार्गदर्शन में जनपद में आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की जयंती श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी। इस अवसर पर रामजानकी, हनुमान, शिव और वाल्मीकि मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण, रामायण पाठ, सुंदरकांड और भजन-कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किए गये।

नगर पालिका परिषद बेल्हा की ओर से मां बेल्हा देवी धाम परिसर में महर्षि वाल्मीकि रामायण पाठ और भजन का आयोजन किया गया। इसके अलावा गड़वारा के शिव मंदिर, हीरागंज बाजार के रामजानकी मंदिर, कटरा गुलाब सिंह के हनुमान मंदिर, कटरा मेदनीगंज के शिव मंदिर, कुंडा के हनुमान मंदिर, लालगंज के चतुर्भुज मंदिर, पट्टी और रानीगंज के हनुमान मंदिर सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों पर कार्यक्रम हुए।

इसी क्रम में संडवा चंद्रिका, रामपुर संग्रामगढ़, कालाकांकर, कुंडा, सांगीपुर, लक्ष्मणपुर, बिहार, बाबा बेलखरनाथ धाम, आसपुर देवसरा, गौरा, मंगरौरा, मानधाता, बाबागंज, सदर और शिवगढ़ सहित विभिन्न विकास खंडों के प्रमुख मंदिरों में रामायण पाठ, भजन और भक्तिमय लोकगीत प्रस्तुत किए गये। महर्षि वाल्मीकि को आदि कवि माना जाता है। उनके द्वारा रचित रामायण भारतीय संस्कृति, मानवीय मूल्यों और सामाजिक आदर्शों का महत्वपूर्ण ग्रंथ है। जयंती के आयोजनों का उद्देश्य रामायण में निहित आदर्शों का प्रचार-प्रसार कर आमजन को उनसे जोड़ना रहा। कार्यक्रमों में संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने सहभागिता की।

दो बच्चों को घर पर छोड़कर महिला लापता, गहने ले जाने का आरोप

दिलीपपुर, प्रतापगढ़। थाना क्षेत्र के रतनमई गांव में दो बच्चों की मां के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। पति ने पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड पत्र भेजकर पत्नी की तलाश कराने की गुहार लगायी है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी महेंद्र कुमार रजक की पत्नी आशा देवी २१ अक्टूबर की रात घर से लापता हो गईं। सुबह उनके घर पर नहीं मिलने से परिजनों में चिंता फैल गयी। मामले में महिला की जेठानी ने दिलीपपुर थाने में तहरीर दी है। आशा देवी के १३ वर्षीय बेटे और सात वर्षीय बेटी हैं। मां के लापता होने से बच्चों की देखभाल को लेकर परिवार परेशान है। पति महेंद्र कुमार ने आरोप लगाया है कि उनकी पत्नी घर में बक्से में रखे गहने भी साथ ले गयी हैं। उन्होंने बताया कि ससुराल पक्ष, रिश्तेदारों और अन्य संभावित स्थानों पर तलाश की गई, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। पति ने पुलिस से पत्नी का पता लगाने और आवश्यक काररवाई करने की मांग की है। महिला के लापता होने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

अब्दुल कलाम इंटर कालेज में जनगणना प्रशिक्षण शुरू

प्रतापगढ़। जनगणना-२०२७ के अंतर्गत अब्दुल कलाम इंटर कालेज में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के लिए द्वितीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं एसडीएम सदर अनुष्का शर्मा तथा एसडीएम विमल कुमार के निर्देशन में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। सहायक निदेशक पुष्पा यादव और सह प्रभारी जनगणना मानसी सिंह ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए, ताकि फील्ड में कार्य के दौरान किसी प्रकार की समस्या न हो। तहसीलदार ओमप्रकाश सिंह ने स्वगणना और क्षेत्र में जाकर जनगणना करने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।